27
15/3/22

प्रेषक,

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा मे,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊः दिनांक 08 मार्च, 2022

विषयः- महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कालेज, आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर को पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु अनापत्ति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-963/22 दिनांक 10.02.2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-836/71-4-2021-एन-8/2016 दिनांक 18.10.2021 द्वारा गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय समिति द्वारा प्रस्तावित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर, आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर में (1) डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन-30 सीट (2) डिप्लोमा इन ऑर्थोपेडिक एण्ड प्लास्टर टेक्नीशियन-30 सीट (3) डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन-30 सीट (4) डिप्लोमा इन एनेस्थिसिया एण्ड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन-30 सीट (5) डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्री-30 सीट (6) डिप्लोमा इन लैबोरेटरी टेक्नीशियन-30 सीट प्रतिवर्ष प्रवेश क्षमता का प्रशिक्षण केन्द्र खोलने हेतु निर्गत अनिवार्यता/अनापत्ति प्रमाण पत्र के स्थान पर महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कालेज, आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर के नाम से उक्त पाठ्यक्रमों को संचालित किये जाने हेतु निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन अनिवार्यता/अनापत्ति प्रदान की जाती हैः-

1. संस्था द्वारा प्रश्नगत पाठ्यक्रम में निर्धारित/स्वीकृत प्रवेश क्षमता रखी जाय तथा किसी भी दशा में निर्धारित भर्ती क्षमता से अधिक अभ्यर्थियों का चयन न किया जाय।
2. संस्था द्वारा राज्य सरकार/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा प्रश्नगत प्रशिक्षण हेतु समय-समय पर जारी किये गये समस्त निर्देशों/मानकों का अनुपालन पूर्णतः सुनिश्चित किया जायेगा।
3. यदि संस्था द्वारा उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी/राज्य सरकार के किसी भी दिशा-निर्देश का उल्लंघन किया जाता है तो संस्था की अनापत्ति/अनिवार्यता प्रमाण पत्र वापस लिये जाने की कार्यवाही की जायेगी।
4. उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा उक्त शर्तों के अनुपालन हेतु संस्था का स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा उक्त शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी का होगा।

2- कृपया उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
Signed by आलोक कुमार
Date: 07-03-2022 18:42:36
(आलोक कुमार)
Reason: Approved
प्रमुख सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. प्रबन्धक, महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कालेज, आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर।
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(अनिल कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव